दिल्ली पब्लिक स्कूल , जम्मू

अभ्यासकार्य हेतु पत्र–1

सत्र–2018 – 19

कक्षाः आठवीं   विषयः हिंदी

वसंत :–

पाठ – 1 ध्वनि (कविता)   2 लाख की चूड़ियाँ

3 बस की यात्रा   4 दीवानों की हस्ती (कविता)

व्याकरण – वर्ण – विचार , विलोम शब्द (1–40) , पर्यायवाची शब्द (1–30) , अनेक शब्दों के लिए एक शब्द (1– 30) , मुहावरे (1 –20) , भिन्नार्थक शब्द (1–20) , अनुच्छेद लेखन , अपठित गद्यांश , अपठित काव्यांश ।

Practice Workbook - पाठ : 1 से 4 तक

प्र01. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क. वसंत को ऋतुराज क्यो कहा जाता है ?

ख. तंद्रालस लालसा क्या है ?

ग. 'सविनय अवज्ञा' का उपयोग व्यंगकार ने किस रूप में किया है ?

घ. ये दीवाने क्यों स्वच्छंद प्यार लुटाते चले ?

ड. 'ध्वनि' कविता से हमें क्या सीख मिलती है ?

च. बदलू चूड़ियों को पैसों से बेचता न था। ' फिर पह क्या करता था ?

छ. बदलू कौन था और बचपन में लेखक उसके पास क्यों जाता था ?

ज. 'आदमी को कूच करने के लिए एक निमित्त चाहिए ' इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

झ. दीवाने लोग जग को क्या देकर और जग से क्या लेकर चले ?

ञ. ये दीवाने दुनियावालों के लिए क्या कामना करते हैं ?

च. लेखक का बस पर से भरोसा क्यों उठ गया था ?

प्र02. आशय स्पष्ट कीजिए –

1. धीरे – धीरे वृद्धा की आँखों की रोशनी जाने लगी । चाँदनी में रास्ता टटोलकर रेंग रही थी ।
2. मस्ती का आलम साथ चला ।
3. छककर सुख – दुख के घूँटों को
   हम एक भाव से पिए चले ।
4. द्वार दिखा दूँगा फिर उनको
   हैं मेरे वे जहाँ अनंत –
   अभी न होगा मेरा अंत ।
5. आए बनकर उल्लास अभी ,
   हैं आज यहा , कल वहा चले
6. अभी – अभी ही तो आया है
   मेरे वन में मृदुल वसंत

प्र03. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए ।

1. एक – एक पर्यायवाची शब्द लिखिए –

अंग , इंद्र , उपेक्षा , चतुर , पत्थर , निर्मल , अवगुण , दिन , ध्वज , कपड़ा

2. विलोम शब्द लिखिए

आधार , कृतज्ञ , कृपण , गमन , आर्द्र , अंकुश , घात , उदार , आरोह , जड़

3. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए

ग्रंथ लिखने वाला , जो देखने योग्य हो , जो कुछ न जानता हो , जो बहुत अधिक बोलता हो , जो ईश्वर में विश्वास न रखता हो , जो टुकड़े – टुकड़े हो गया हो , रात में घूमने वाला , जो आत्मा से संबंधित हो , शरण में आया हुआ

4. वर्ण – विच्छेद कीजिए

परदर्शी , उपर्युक्त , वैष्णव , सृष्टि , प्रवृत्ति , समर्थन , परिश्रम , अवज्ञा , क्षति , पीयूष

5. भिन्नार्थक शब्द लिखिए –

द्रव्य /द्रव , प्रसाद / प्रासाद , ग्रह / गृह , अनल / अनिल , कड़ाई / कढ़ाई , तरणी / तरणि , दिन / दीन , कलि/कली , दिशा / दशा , वसन / व्यसन

6. मुहावरो का वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

आग बबूला होना , खून पसीना एक करना , एक हाथ से ताली नहीं बजती , आपे से बाहर होना , अगर – मगर करना , उल्लू बनाना , एक ही थाली के चट्टे – बट्टे , कलम तोड़ना

7. निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार और अनुनासिक का प्रयोग कीजिए –

टकार , सभाल , चचल , हसी , एव ,सघर्ष , फसाना , बासुरी , पाचवा

प्र04. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. अल्पप्राण और महाप्राण में अंतर स्पष्ट कीजिए ।
2. सभी व्यंजनों में कौन – सा स्वर मिला होता है ?
3. ' ऋ' स्वर की मात्रा से दस शब्द बनाएं ।
4. रेफ और पदेन का प्रयोग करते हुए दस शब्द लिखें ।
5. स्पर्श व्यंजन कितने हैं ?

प्र05. ' हमारे खान– पान , रहन – सहन और कपड़ों में भी बदलाव आया है ' आप इससे कितने सहमत हैं ? अपने विचार 40 – 50 शब्दों में लिखिए ।

प्र06. जीवन में मस्ती होनी चाहिए , लेकिन कब मस्ती हानिकारक हो सकती है ? अपने विचार 40 – 50 शब्दों में लिखिए ।

प्र07. प्रैक्टिस वर्कबुक पर पृष्ठ – 137 के वर्ण – विचार का अभ्यास करें तथा अपठित गद्यांश और काव्यांश के लिए पृष्ठ – 167 , 168 , 169 का कार्य पुस्तक पर ही करें । पृष्ठ–174 पर दिए गए विषयों पर अनुच्छेद का अभ्यास करें ।